



फरीदाबाद हरियाणा का नंबर 1 समाचार पत्र

# भेदी नज़र

संस्थापक : स्वाधीनता सेनानी सुखवासी लाल शर्मा (ब्रह्मलीन)

ई-पेपर पढ़ने के लिए लॉगऑन करें - www.bhedinazar.com

दिल्ली, गुरूवार 18 अप्रैल 2024

दिल्ली, हरियाणा, चड़ीगढ़, पंजाब, राजस्थान, बिहार, झारखंड, उत्तराखण्ड एवं उत्तर प्रदेश का प्रमुख हिन्दी दैनिक






वर्ष : 23 अंक : 06 | Email : bhedinazardaily@gmail.com | RNI NO. DEL/HIN/2004/13528 | Postal REG. No. HR (FBD) -260/2023/25 | पृष्ठ : 12 मूल्य : 1 रुपये


## भाजपा के शासन में महिलाओं को किया गया सशक्त : नायब सैनी

- भाजपा ने नीति बनाकर सबका साथ सबका विकास की तर्ज पर सभी विधानसभा क्षेत्र में किया बराबर का विकास
- गरीबों महिलाओं और युवाओं पर भाजपा का खास ध्यान



**फरीदाबाद, भेदी नजर।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा है कि एनआईटी विधानसभा क्षेत्र में भाजपा का विधायक नहीं होने के बावजूद पिछले 10 सालों में जबरदस्त विकास हुए हैं, डबल इंजन की सरकार ने सबका साथ सबका विकास के नारे को सार्थक करते हुए यहां विकास करवाने का काम किया है,जबकि यहां के विधायक को विकास की पड़ी ही नहीं थी। कांग्रेस की नीति अवैध कालोनियां पर अपना घर भरने की रही है,लेकिन मनोहर लाल की सरकार ने सभी कॉलोनियों को अधिकृत कर वहां पर बिजली, पानी, सीवर, सड़क बनाने का फैसला किया और इस फैसले का एनआईटी को काफी लाभ हुआ। फिर भी अगर कुछ समस्या रह गई है तो उसे 4 जून के बाद पूरा किया जाएगा। मुख्यमंत्री आज यहां भाजपा उम्मीदवार कृष्ण पाल गुर्जर के समर्थन में विजय संकल्प रैली को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि कांग्रेस के लिए महिलाएं वोट बैंक से ज्यादा कुछ नहीं रही। उन्होंने महिलाओं का वोट लेकर महिलाओं का शोषण करने का काम किया। आज जो लोग राहुल गांधी के पास बैठते हैं,वह महिलाओं के प्रति गलत भाषा का प्रयोग करते हैं जबकि नरेंद्र मोदी की सरकार ने महिलाओं को सशक्त करने की दिशा में कदम उठाए। आज हमारी बेटियां सीमा पर देश की रक्षा करने का काम कर रही है और नरेंद्र मोदी ने नारी शक्ति वंदन बिल के माध्यम से महिलाओं को 33त्न आरक्षण विधानसभा और लोकसभा में देने का फैसला किया है। बिल पास हो चुका है और अगली योजना से यह लागू हो जाएगा।

नायब सैनी ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने गरीबों के चेहरे पर मुस्कान लाने का काम किया है। अब गरीबों को अपने इलाज की चिंता नहीं सताती आयुष्मान कार्ड के माध्यम से 5 लाख रुपए का इलाज वह किसी भी बड़े अस्पताल में हर साल करवा सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी नीतियों का ही परिणाम है कि देश में 25 करोड लोग गरीबों की रेखा से बाहर निकालने में सफल हुए हैं।

कोरोना कल को याद करते हुए मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने 8 महीने से भी कम समय में दो वैक्सीन तैयार करवाई और देश के लोगों को उसे फ्री में लगाने का काम किया। विपक्ष उसे समय भी लोगों को बरगलाने का काम करता था और इसे मोदी वैक्सीन बताकर इस बात का प्रचार करता था कि वैक्सीन लगवाने से उनकी मौत हो जाएगी। जबकि यह लोग खुद कमरे में जाकर वैक्सीन लगवाने का काम करते थे। इन लोगों ने अफवाहें फैला कर गरीब मजदूरों को सड़क पर आने पर मजबूर किया लेकिन नरेंद्र मोदी ने उन लोगों के लिए ट्रेन चलाकर उन्हें घर भेजने का काम किया। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का नाम लिए बिना उन्होंने कहा कि वह कांग्रेस को गालियां देने का काम करते थे लेकिन आज कांग्रेस के भ्रष्टाचार की प्लानिंग का हिस्सा बने हुए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने हर जिले में मेडिकल कॉलेज स्थापित करने की नीति बनाई और प्रदेश के 17 जिलों में मेडिकल कॉलेज या तो बन चुके हैं या बन रहे हैं और बाकी जिलों में भी जल्द ही मेडिकल कॉलेज की स्थापना की जाएगी। हरियाणा में एमबीबीएस की सीट भी अब कई गुना हो गई हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने सड़क और रेल कनेक्टिविटी को बेहतर करने का काम किया है। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि 2014 में भाजपा का 282 सीटें मिली थी। 2019 में यह 303 हो गई। इस बार यह 400 पार हो जाएंगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2047 में विकसित भारत का संकल्प किया है और विकसित भारत में गरीब, किसान, मजदूर, महिला, युवा सब मजबूत होंगे।

### कांग्रेस डेंगू और मलेरिया इसे खत्म करो -गुर्जर

फरीदाबाद लोकसभा से भाजपा उम्मीदवार कृष्ण पाल गुर्जर ने कांग्रेस को सनातन विरोधी बताते हुए डेंगू और मलेरिया की संज्ञा देते हुए कहा है कि इसका खात्मा करना ही ठीक है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस विधायक नीरज शर्मा नौटंकी तो बहुत करते हैं लेकिन उनका विकास पर कोई ध्यान नहीं है। कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि पहले दुनिया बोलती थी भारत सुनता था लेकिन इन 10 सालों में यह स्थिति बदल गई है आज भारत बोलता है,दुनिया सुनती है। उन्होंने कहा कि जब नरेंद्र मोदी ने सत्ता संभाली तो भारत और व्यवस्था में 11 नंबर पर था और इन 10 सालों में यह पांच स्थान पर आ गया है तथा नरेंद्र मोदी ने संकल्प किया है कि अगले 5 सालों में यह विश्व की तीन बड़ी अर्थव्यवस्था में शामिल होगा। उन्होंने कहा कि हमने चार वैचारिक संकल्प किए थे जिनमें धारा 370 को खत्म करना, राम मंदिर का निर्माण, पड़ोसी राष्ट्रों के गैर मुसलमानों को देश की नागरिकता और समान नागरिक संहिता शामिल थे,इनमें से तीन संकल्प पूरे कर दिए गए हैं और चौथे संकल्प समान नागरिक संहिता को इन 5 सालों में पूरा कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि वह पिछले 5 सालों में एनआईटी में हुए विकास का डाटा लेकर आए हैं और बता सकते हैं कि यहां पर 451 करोड रुपए के विकास कार्य हुए हैं उन्होंने कहा कि सभी 90 विधानसभा क्षेत्र में एक समान विकास कार्य करवाए गए हैं।

### पूरा देश भाजपा के साथ : शर्मा

हरियाणा सरकार में मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि बड़खल बल्लभगढ़ और एनआईटी विधानसभा क्षेत्र मिलकर एक त्रिवेणी बनता है और इस त्रिवेणी में पिछले 10 सालों में जबरदस्त विकास के कार्य हुए हैं। उन्होंने कहा कि अगर देश को सुरक्षित रखना है,बच्चों गरीबों बुजुर्गों को सुविधा देनी है तो बीजेपी को वोट देना चाहिए। शर्मा ने कहा कि पूरा फरीदाबाद एक होकर इस बार यहां से कृष्ण पाल गुर्जर को 10 लाख से ज्यादा वोटों से जितवाने का संकल्प ले चुका है।

### प्रवीण भड़ाना भाजपा में शामिल

प्रवीण भड़ाना और राज लोहिया ने आज यहां भाजपा में शामिल होने की घोषणा की। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने उन्हें पटका पहनकर भाजपा में शामिल किया। सभा में शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा विधायक राजेश नागर, नरेन्द्र गुप्ता, जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा, लोकसभा संयोजक अजय गौड़, यशबीर डागर, वरिष्ठ उप महापौर देवेन्द्र चौधरी नीरा तोमर, पूर्व ज़िला अध्यक्ष गोपाल शर्मा, पूर्व ज़िला महामंत्री आर एन सिंह, जिला महामंत्री मनोज वशिष्ठ, जिला उपाध्यक्ष अनिल नागर, राजेश डागर, सतीश फागना, मंडल अध्यक्ष कवीन्द्र सिंह सन्दीप भड़ाना, संजीव सोम, लक्ष्यवर्धन सिंह, भगवान सिंह, बीर सिंह नैन, सुरेंद्र अग्रवाल, जयबीर खटाना, मुकेश डागर, ललित यादव, महेंद्र सरपंच, सुरेंद्र भड़ाना, भरत भड़ाना, अनिल लोहिया, धर्मवीर भड़ाना, नरेंद्र विधूड़ी, राकेश खटाना, मुकेश डागर, राजेश डागर, मनोज भड़ाना

राजन मुथरेजा, झाम्मनलाल शर्मा, सह प्रभारी राज मदान, प्रदेश सोशल मीडिया सह संयोजक अमित मिश्रा, और भाजपा कार्यकर्ता, और इलाके के सामाजिक धार्मिक संस्थाओं के सदस्य और इलाके के गणमान्य लोग मौजूद थे।

खेल बच्चों का मौलिक अधिकार...

## बिना प्ले ग्राउंड वाले स्कूलों पर लगना चाहिए ताला




**तिरुवंतपुरम (एजेंसी)।** केरल हाई कोर्ट ने राज्य सरकार को आदेश दिया है कि जिन स्कूलों में खेल के मैदान नहीं हैं, उन स्कूलों पर ताला लगाया जाना चाहिए। अदालत ने अहम टिप्पणी की कि खेल बच्चों का मौलिक अधिकार है और शिक्षा को सिर्फ कक्षाओं तक ही सीमित नहीं रखना चाहिए। जिस तरह पठन-पाठन बच्चे के लिए जरूरी है, बच्चे के लिए उतना ही जरूरी खेल शिक्षा भी है। इससे बच्चों के सर्वांगीण विकास की भावना को पूरा किया सकता है। न्यायमूर्ति पीवी कुन्हिकृष्णन मामले की सुनवाई कर रहे थे। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि केरल में कई स्कूल प्रशासन राज्य शिक्षा नियमों (केईआर) के विपरीत कार्य कर रहे हैं। अदालत ने यह भी माना कि केईआर ने राज्य के स्कूलों में खेल के मैदानों में आवश्यक सुविधाओं को स्पष्ट नहीं किया है और यही वजह है कि स्कूल प्रबंधन द्वारा इसका फायदा उठाया जाता है।

## वर्चुअल दुनिया में सियासत के अखाड़े जैसे दांव-पेंच

- लोकसभा चुनाव 2024 में ऑनलाइन गेम बना रहे सरकार



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव 2024 में जीत के लिए सियासी दल धरातल पर पूरा जोर लगा रहे हैं। सोशल मीडिया पर भी चुनाव प्रचार जारी है। भारत में 19 अप्रैल से मतदान का प्रथम चरण शुरू होना है। इसके नतीजे चार जून को आएंगे, लेकिन सियासत में रुचि रखने वाले लोग ऑनलाइन गेम खेलकर अपनी सरकार बना रहे हैं। वे अपनी पार्टी बनाते हैं, प्रत्याशी उतारते हैं और वोट भी मांगते हैं। एजेंडा तय करते हुए ऑनलाइन जनसभाएं तक कर रहे हैं। यही नहीं, वोटिंग के बाद सरकार भी चुनी जा रही है।

## दावा: भारत में बीजेपी एक बार फिर करेगी सत्ता में वापसी

- अमेरिकी एक्सपर्ट की भविष्यवाणी,कहा-पीएम मोदी की व्यक्तिगत लोकप्रियता और बढ़ी

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** दक्षिण एशिया मामलों के एक प्रख्यात अमेरिकी विशेषज्ञ और स्तंभ लेखक का कहना है कि भारत में यह यकीनन मोदी युग है और देश में होने जा रहे लोकसभा चुनाव में सत्तारूढ़ दल भारतीय जनता पार्टी की स्थिति स्पष्ट तौर पर मजबूत है। उनका कहना है



कि वह तीसरी बार सत्ता में वापसी करेगी। वॉल स्ट्रीट जर्नल के लिए दक्षिण एशिया मामलों के स्तंभकार तथा थिंक टैंक अमेरिकन इंटरप्राइज इंस्टीट्यूट से जुड़े सदानंद धूमे ने एक साक्षात्कार में यह बात कही। धूमे ने कहा कि भारत में यह मोदी युग है। उन्होंने कहा,भारतीय संदर्भों में निस्संदेह यह मोदी युग है। जैसे 2015 से अमेरिकी राजनीति में ट्रंप युग रहा है, भले ही वह सत्ता में हों या नहीं हों। भारत में लगभग 2013 से स्पष्ट तौर पर मोदी युग है...। उन्होंने कहा, आप चाहें उन्हें पसंद करें या उनसे घृणा करें लेकिन वह राष्ट्रीय चर्चा के केन्द्र में हैं। अगर आप इंदिरा गांधी के समय से लेकर अब तक की राजनीति पर नजर दौड़ाएं तो आप पाएंगे कि मोदी जैसा कोई नेता नहीं है।

रामनवमी उत्सव

### गोरखनाथ मंदिर में सीएम योगी ने की मातृ शक्ति की आराधना

## कन्याओं के पांव पखारे,आरती उतारी और कराया भोजन

**गोरखपुर (एजेंसी)।** गोरक्षपीठाधीश्वर ने सबसे पहले कुंवारी कन्याओं के पांव धोये। उनके माथे पर रोली, चंदन, अक्षत आदि का तिलक लगाया। चुनरी ओढ़ाकर एवं दक्षिणा प्रदान कर आशीर्वाद लिया। उन्होंने सभी कुंवारी कन्याओं व बटुकों की श्रद्धाभाव से आरती भी उतारी। पूजन के बाद इन कन्याओं को मंदिर की रसोई में पकाया गया ताजा भोजन प्रसाद योगी ने अपने हाथों से परोसा। कन्याओं के अतिरिक्त बड़ी संख्या में पहुंचे बटुकों को भी श्रद्धापूर्वक भोजन कराकर उपहार व दक्षिणा दिया गया। कन्या पूजन के दौरान सीएम योगी ख्याल रखते रहे कि किसी भी कन्या या बटुक की थाली में भोजन प्रसाद की कोई कमी न रहे। इसे लेकर वह मंदिर की व्यवस्था से जुड़े लोगों को निर्देशित करते रहे। पूजन के दौरान गोरखनाथ मंदिर के प्रधान पुजारी योगी



कमलनाथ समेत कई लोग उपस्थित रहे। कन्या पूजन के बाद योगी ने प्रदेशवासियों को वासंतिक नवरात्र और श्रीरामनवमी की शुभकामनाएं दीं। योगी ने कहा कि वासंतिक नवरात्र में शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से नवमी की तिथि तक आदिशक्ति मां भगवती के अलग अलग स्वरूपों का अनुष्ठान आज नवदुर्गा स्वरूपा कुंवारी कन्याओं के पूजन के साथ संपन्न हुआ है। नवरात्र प्रकृति और परमात्मा से जुड़ाव की अद्भुत परंपरा है। उन्होंने आदिशक्ति मां भगवती से चराचर जगत के कल्याण की कामना की। वासंतिक नवरात्र की नवमी तिथि पर गोरखनाथ मंदिर में कन्या पूजन का अनुष्ठान पूर्ण करने के बाद मुख्यमंत्री मंदिर परिसर स्थित रामदरबार पहुंचे। उन्होंने पालने में विराजमान प्रभु श्रीराम के बाल स्वरूप के विग्रह की वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा अर्चना की। प्रभु विग्रह को तिलक लगाने और माल्यार्पण करने के बाद आरती उतारी। पूजन का अनुष्ठान पूर्ण करने के साथ सीएम योगी ने बाल स्वरूप भगवान को पालने में झुलाया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने भगवान श्रीराम से लोकमंगल की प्रार्थना की। योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के आदर्श हजारों वर्षों बाद आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं जितने त्रेतायुग में थे। श्रीराम धर्म के साक्षात प्रतीक हैं। मर्यादा के आदर्श हैं। परमात्मा स्वरूप परमपुरुष हैं। हर क्षेत्र में उनके द्वारा स्थापित आदर्श हम सभी को पारिवारिक, सामाजिक और राष्ट्रीय कर्तव्यों के निर्वहन की प्रेरणा देते हैं।

## यूएन की रिपोर्ट-भारत की जनसंख्या 144 करोड़ से ज्यादा

- 77 साल में दोगुनी हुई, 14 साल तक के उम्र की आबादी करीब 35 करोड़

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत ने इस साल के शुरुआत में सबसे ज्यादा 142.5 करोड़ आबादी वाले देश चीन को पीछे छोड़ा था। 2011 की जनगणना के मुताबिक, देश की कुल आबादी 121 करोड़ थी। यूनाइटेड नेशन्स की हेल्थ एजेंसी यूनाइटेड नेशन्स पॉपुलेशन फंड की लेटेस्ट रिपोर्ट में दावा किया गया है कि भारत की जनसंख्या पिछले 77 सालों में दोगुनी हो चुकी है। यह 144.17 करोड़ पहुंच चुकी है। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में 2006-2023 के बीच 23 फीसदी बाल विवाह हुए हैं। साथ ही डिलीवरी के समय होने वाली महिलाओं की मौतों की संख्या में कमी आई है। भारत ने इस साल के शुरुआत में सबसे ज्यादा 142.5 करोड़ आबादी वाले देश चीन को पीछे छोड़ा था। 2011 की जनगणना के मुताबिक, देश की कुल आबादी 121 करोड़ दर्ज की गई थी। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत की कुल आबादी का 24 फीसदी हिस्सा 0-14 साल के लोगों का है। 15-64 साल की संख्या सबसे ज्यादा 64 फीसदी है।







